## उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत कम्यूनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु शक्ति दीदी (महिला बीट एवं महिला हेल्प डेस्क) के माध्यम से जनपद में विभिन्न स्थानों पर संचालित कराये गये आउटरीच प्रोग्राम।

प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत आज दिनांक 11.06.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में शक्ति दीदी (महिला बीट तथा महिला हेल्प डेस्क) के माध्यम से जनपद के समस्त थानों पर आउटरीच प्रोग्राम चलाकर अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत आबादी क्षेत्र, बाजारों, भीड़भाड़ वाले इलाकों, स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, मेलों एवं गांव में पहुंचकर बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं को महिला उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी अधिकारों एवं महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जागरूक किया गया तथा प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु चलायी जा रही विभिन्न योजनाओ मुख्यमंत्री सुमंगला योजना ,निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बैकिंग कॉरस्पोडेंट सखी, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व राष्ट्रीय पोषण मिशन के संबंध मे विस्तृत जानकारी दी गयी साथ ही किसी भी अप्रिय घटना के बारे में संदेह होने पर हेल्पलाइन नम्बर-112, 108, 181, 1076, 1090,1098 की जानकारी देते हुए इनके प्रयोग की विस्तृत जानकारी दी गई एवं तत्काल थाना स्थानीय पुलिस को सूचित करने के बारे में जागरूक किया गया।हेल्प लाइन नम्बर 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज कराये सूचना दर्ज होने के उपरान्त त्वरित कार्यवाही की जायेगी।





उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक- 11.06.2024**

# महोबा पुलिस


**मीडिया सेल, महोबा**


## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई कर जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा सम्बन्धित को समस्या निस्तारण हेतु जरिये दूरभाष दिये गये आवश्यक निर्देश।

जनपद महोबा में पीड़ित/शिकायतकर्ता की समस्याओं के समुचित एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई की जा रही है।

जनता की समस्याओं के समाधान के क्रम में आज दिनांक 11.06.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा फरियादियों/जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं को एक-एक करके गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा जनता की समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण विधिक निस्तारण सुनिश्चित किये/कराये जाने के लिए सम्बन्धित को मौके पर जरिये दूरभाष आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्बन्धित को आदेशित किया गया कि मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करें, लापरवाही की सूचना पर सम्बन्धित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की चेतावनी प्रदान की गयी साथ ही शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 11.06.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांक 11.06.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपदीय पुलिस बल द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी


















## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों पर पीस कमेटी गोष्ठी का किया गया आयोजन, आगामी त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

आज दिनांक 11.06.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद के समस्त थानों पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में पीस कमेटी गोष्ठी का आयोजन किया गया एवं सभी को आपसी सौहार्द बनाए रखने व पुलिस को सहयोग प्रदान किये जाने की अपील की गयी।

इस दौरान सभी धर्मों के धर्मगुरुओं/अनुयायियों व क्षेत्र के सम्भ्रान्त नागरिक को शासन द्वारा निर्गत आदेशों से अवगत कराते हुये त्योहारों को परम्परागत ढंग से शांतिपूर्वक एवं साम्प्रदायिक सद्भाव के साथ मनाये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये तथा सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु व्यापक पुलिस प्रबंध सुनिश्चित करते हुये और अन्य व्यवस्थापन हेतु निर्देशित किया गया

गोष्ठी के दौरान थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधान, संभ्रात नागरिक, विभिन्न धार्मिक समुदायों के धर्मगुरुओं/अनुयायियों सहित डिजीटल वालेन्टियर्स के सदस्य मौजूद रहे।



## अग्निसुरक्षा के दृष्टिगत फायर टीम महोबा द्वारा मुख्यालय अवस्थित होटल/रेस्टोरेंट का भ्रमण कर अग्निशमन सुरक्षा/विद्युत ऑडिट किया गया तथा अग्निशमन उपकरणों के प्रयोग करने की विधि को बताया गया।

ग्रीष्मऋतु के दृष्टिगत अग्निसुरक्षा से बचाव हेतु जिलाधिकारी महोबा श्री मृदुल चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर आज दिनांक 11.06.2024 को जनपद महोबा में सीएफ़ओ महोबा, सहायक निदेशक विद्युत विभाग व प्रभारी अग्निशमन अधिकारी श्री देवेश तिवारी द्वारा मय अग्निशमन टीम के संयुक्त रुप से थाना कोतवाली नगर महोबा अवस्थित विभिन्न होटलों/रेस्टोरेंटों का अग्निशमन सुरक्षा ऑडिट एवं विद्युत ऑडिट किया गया एवं वहाँ लगे अग्निशमन उपकरणों को चेक किया गया वहाँ मौजूद स्टाफ को अग्निशमन उपकरण चलाने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया एवं संबंधित को अग्निशमन व्यवस्था से संबंधित उपकरणों को स्थापित किये जाने एवं उन उपकरणों को सदैव क्रियाशील रखने तथा पायी गई कमियों को जल्द पूर्ण करने के सम्बन्ध में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक- 11.06.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा







प्रकरण के सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक पनवाड़ी द्वारा बताया गया कि स्वर्गीय अजयकांत सोनी की दुकान पर तीन महिलायें  खरीदारी करने के बहाने आयी हुयी थी जिनके द्वारा अनुमानित 02-03 पायलों को चोरी कर लिया गया है  घटना से सम्बन्धित 01 महिला को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है तथा इस सम्बन्ध में वादी द्वारा तहरीर नही दी गयी है, बाद तहरीर प्राप्त आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।